अनुक्रमांक ..............................

नाम ..............................

901

# 801(HE)

## 2024

## हिन्दी

समय : तीन घण्टे 15 मिनट ] [ पूर्णांक : 70

**नोट :** प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं ।

**निर्देश :**

i) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

ii) यह प्रश्नपत्र **दो खण्डों**, **खण्ड – अ** तथा **खण्ड – ब** में विभक्त है ।

iii) **खण्ड – अ** में **1** अंक के **20** बहुविकल्पीय प्रश्न हैं जिनके सही उत्तर **ओ० एम० आर०** उत्तर पत्रक पर **नीले** अथवा **काले बाल प्वाइंट कलम** से सही विकल्प वाले गोले को पूर्ण रूप से काला कर चिह्नित करें ।

iv) **खण्ड – अ** के प्रत्येक प्रश्न का निर्देश पढ़कर केवल प्रदत्त **ओ० एम० आर०** उत्तर पत्रक पर ही उत्तर दें । **ओ० एम०आर०** उत्तर पत्रक पर उत्तर देने के पश्चात उसे नहीं काटें तथा इरेजर अथवा **ह्वाइटनर** का प्रयोग न करें ।

v) प्रश्न के अंक उसके सम्मुख अंकित हैं ।

vi) **खण्ड – ब** में **50** अंक के वर्णनात्मक प्रश्न हैं ।

vii) **खण्ड – ब** में सभी प्रश्नों के उत्तर एक साथ ही करें ।

viii) प्रथम प्रश्न से आरम्भ कीजिए तथा अन्तिम प्रश्न तक करते जाइए । जो प्रश्न न आता हो उस पर समय नष्ट न कीजिए ।



ZOLLEGE

## खण्ड – 'अ'

### बहुविकल्पीय प्रश्न ( वस्तुनिष्ठ ) प्रश्न

1. 'रक्षाबन्धन' नाटक के नाटककार हैं

(A) उपेन्द्र नाथ 'अश्क' (B) हरिकृष्ण 'प्रेमी'

(C) रामकुमार वर्मा (D) चतुरसेन शास्त्री 1

2. रामधारी सिंह 'दिनकर' की रचना है

(A) संस्कृति के चार अध्याय (B) साहित्य और कला

(C) अनन्त आकाश (D) इन्द्रजाल 1

3. 'राग दरबारी' रचना के उपन्यासकार हैं

(A) कमलेश्वर (B) श्रीलाल शुक्ल

(C) अज्ञेय (D) नरेश मेहता 1

4. 'शुक्ल युग' के अन्य नाम कौन से हैं ?

(A) प्रसाद युग (B) प्रेमचन्द युग

(C) छायावाद युग (D) इनमें से सभी 1

5. 'विष्णु प्रभाकर' किस युग के कहानीकार हैं ?

(A) भारतेन्दु युग (B) छायावादी युग

(C) द्विवेदी युग (D) इनमें से कोई नहीं 1

6. 'भाव विलास' के रचनाकार हैं

(A) केशवदास (B) देव

(C) पद्माकर (D) मतिराम 1

7. प्रयोगवादी काव्य की विशेषता है

(A) चित्रमयी कल्पना की प्रधानता (B) रूढ़ियों के प्रति विद्रोह

(C) प्राकृतिक वर्णन (D) आश्रयदाताओं की प्रशंसा 1



ZOLLEGE

8. काव्य की प्रवृत्ति एवं रचना शैली के आधार पर रीतिकाल की कितनी धाराएँ स्वीकार की गयी हैं ?

(A) 1 (B) 5

(C) 3 (D) 6 1

9. 'जौहर' काव्य के रचनाकार हैं

(A) श्याम नारायण पाण्डे (B) रामनरेश त्रिपाठी

(C) सुमित्रानन्दन पन्त (D) धर्मवीर भारती 1

10. 'चिदम्बरा' के रचनाकार हैं

(A) जयशंकर प्रसाद (B) सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला'

(C) सुमित्रानन्दन पन्त (D) महादेवी वर्मा 1

11. पुनि-पुनि मुनि उकसहि अकुलाहीं ।

देखि दसा हर-गन मुसकाहीं ।।

उपर्युक्त पंक्तियों में प्रयुक्त रस है -

(A) वीर रस (B) हास्य रस

(C) करुण रस (D) वात्सल्य रस 1

12. "आहुति-सी गिर पड़ी चिता पर, चमक उठी ज्वाला-सी" ।

उपर्युक्त पंक्ति में कौन-सा अलंकार है ?

(A) अनुप्रास अलंकार (B) उपमा अलंकार

(C) श्लेष अलंकार (D) रूपक अलंकार 1

13. 'दोहा' छन्द का ठीक उल्टा छन्द कौन-सा है ?

(A) चौपाई (B) रोला

(C) सोरठा (D) बरवै 1



ZOLLEGE

14. 'अनुरूप' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग है

(A) अ (B) अन

(C) अनु (D) रूप 1

15. 'राम-कृष्ण' में कौन-सा समास है ?

(A) अव्ययीभाव समास (B) द्वन्द्व समास

(C) कर्मधारय समास (D) तत्पुरुष समास 1

16. वायु, समीर, बयार पर्याय हैं

(A) सूर्य के (B) तारों के

(C) हवा के (D) बादल के 1

17. 'तस्मै' शब्द में विभक्ति एवं वचन है

(A) चतुर्थी विभक्ति, एकवचन (B) द्वितीया विभक्ति, बहुवचन

(C) पंचमी विभक्ति, एकवचन (D) इनमें से कोई नहीं 1

18. संदेहपूर्ण कथन को कहते हैं

(A) साधारण वाक्य (B) प्रश्नवाचक वाक्य

(C) संदेहात्मक वाक्य (D) नकारात्मक वाक्य 1

19. 'मैं पत्र लिखूँगा' वाक्य का कर्मवाच्य में परिवर्तित वाक्य है

(A) मेरे द्वारा पत्र लिखा जायेगा। (B) मुझे पत्र लिखना है।

(C) मैं पत्र लिख रहा हूँ। (D) मुझे पत्र लिखना था। 1

20. स्थानवाचक क्रिया विशेषण है

(A) प्रतिदिन (B) आसपास

(C) बहुत (D) स्वयं 1



ZOLLEGE

## खण्ड – 'ब'

### वर्णनात्मक प्रश्न

1. निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 3 × 2 = 6

मानव मन सदा से ही अज्ञात के रहस्यों को खोलने और जानने-समझने को उत्सुक रहा है । जहाँ तक वह नहीं पहुँच सकता था , वहाँ वह कल्पना के पंखों पर उड़कर पहुँचा । उसकी अनगढ़ और अविश्वसनीय कथाएँ उसे सत्य के निकट पहुँचाने में प्रेरणा-शक्ति का काम करती रहीं । अन्तरिक्ष युग का सूत्रपात 4 अक्टूबर, 1957 को हुआ था, जब सोवियत रूस ने अपना पहला स्पुतनिक छोड़ा । प्रथम अन्तरिक्ष यात्री बनने का गौरव यूरी गागरिन को प्राप्त हुआ । अन्तरिक्ष युग के आरम्भ के ठीक 11 वर्ष 9 माह 17 दिन बाद चन्द्रतल पर मानव उतर गया । https://www.upboardonline.com

(i) उपर्युक्त गद्यांश के पाठ और लेखक का नाम लिखिए ।

(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए ।

(iii) प्रथम अन्तरिक्ष यात्री कौन था ?

**अथवा**

हिन्दी में प्रगतिशील साहित्य का निर्माण हो रहा है । उसके निर्माता यह समझ रहे हैं कि उनके साहित्य में भविष्य का गौरव निहित है । पर कुछ ही समय के बाद उनका यह साहित्य भी अतीत का स्मारक हो जायेगा और आज जो तरुण हैं वही वृद्ध होकर अतीत के गौरव का स्वप्न देखेंगे । उनके स्थान में तरुणों का फिर दूसरा दल आ जायेगा, जो भविष्य का स्वप्न देखेगा । दोनों के ही स्वप्न सुखद होते हैं; क्योंकि दूर के ढोल सुहावने होते हैं ।

(i) उपर्युक्त गद्यांश के पाठ और लेखक का नाम लिखिए ।

(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए ।

(iii) ''दूर के ढोल सुहावने होते हैं'' का तात्पर्य स्पष्ट कीजिए ।

ZOLLEGE

2. निम्नलिखित पद्यांश पर आधारित दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $3 \times 2 = 6$

चरन-कमल बंदौं हरि राइ ।

जाकी कृपा पंगु गिरि लंघै, अन्धे को सब क्रछु दरसाई ।

बहिरौ सुनै गूँग पुनि बोलै, रंक चलै सिर छत्र धराइ ।

सूरदास स्वामी करुनामय, बार-बार बन्दौं तिहि पाइ ।।

(i) उपर्युक्त पद्यांश का सन्दर्भ लिखिए ।

(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए ।

(iii) "बार-बार बन्दौं तिहिं पाइ ।" पंक्ति में कौन-सा अलंकार है ?

**अथवा**

अगर धीरे चलो

वह तुम्हें छू लेगी

दौड़ो तो छूट जाएगी नदी

अगर ले लो साथ

वह चलती चली जाएगी कहीं भी

यहाँ तक-कि कबाड़ी की दुकान तक भी ।

(i) उपर्युक्त पद्यांश का सन्दर्भ लिखिए ।



ZOLLEGE

(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए ।

(iii) उपर्युक्त पद्यांश में 'नदी' किसका प्रतीक है ?

3. निम्नलिखित संस्कृत गद्यांश का सन्दर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए : 2 + 3 = 5

वाराणस्यां प्राचीनकालादेव गेहे गेहे विद्यायाः दिव्यं ज्योतिः द्योतते । अधुनाऽपि अत्र संस्कृतवाग्धारा सततं प्रवहति, जनानां ज्ञानञ्च वर्द्धयति । अत्र अनेके आचार्याः मूर्धन्याः विद्वांसः वैदिकवाङ्मयस्य अध्ययने अध्यापने च इदानीं निरताः ।

अलक्षेन्द्रः – भारतं एकं राष्ट्रम् इति तव वचनं विरुद्धम् । इह तावत् राजानः जनाः च परस्परं द्रुह्यन्ति ।

पुरुराजः – तत् सर्वम् अस्माकम् आन्तरिकः विषयः । बाह्यशक्तेः तत्र हस्तक्षेपः असह्यः यवनराज ! पृथग्धर्माः पृथग्भाषाभूषा अपि वयं सर्वे भारतीयाः । विशालम् अस्माकं राष्ट्रम् ।

4. दिए गए संस्कृत पद्यांश का सन्दर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए : 2 + 3 = 5

नीर-क्षीर-विवेके हंसालस्यं त्वमेव तनुषे चेत् ।

विश्वमिस्मन्नधुनान्यः कुलव्रतं पालिष्यति कः ॥

**अथवा**

सार्थः प्रवसतो मित्रं भार्या मित्रं गृहे सतः ।

आतुरस्य भिषक् मित्रं दानं मित्रं मरिष्यतः ॥



ZOLLEGE

5. अपने पठित खण्डकाव्य के आधार पर दिए गए प्रश्नों में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर दीजिए :

1 × 3 = 3

(क) (i) 'मुक्तिदूत' खण्डकाव्य के आधार पर अंग्रेजी शासन के बर्बर अत्याचारों के विरोध में महात्मा गाँधी द्वारा किये गये जन आन्दोलनों का वर्णन कीजिए ।

(ii) 'मुक्तिदूत' खण्डकाव्य के किसी एक सर्ग का सारांश लिखिए ।

(ख) (i) 'ज्योति जवाहर' खण्डकाव्य का कथानक संक्षेप में लिखिए ।

(ii) 'ज्योति जवाहर' खण्डकाव्य में कवि ने सम्राट अशोक के किन-किन गुणों का वर्णन किया है ?

(ग) (i) 'मेवाड़ मुकुट' खण्डकाव्य के द्वितीय सर्ग 'दौलत' की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए ।

(ii) 'मेवाड़ मुकुट' खण्डकाव्य के नायक का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

(घ) (i) 'अग्रपूजा' खण्डकाव्य के 'आयोजन' सर्ग का कथानक का सारांश अपने शब्दों में लिखिए ।

(ii) 'अग्रपूजा' खण्डकाव्य के आधार पर श्रीकृष्ण का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

(ङ) (i) 'जय सुभाष' खण्डकाव्य में वर्णित 'आजाद हिन्द सेना' के गठन की घटना का वर्णन कीजिए ।

(ii) 'जय सुभाष' खण्डकाव्य के नायक 'सुभाष चन्द्र बोस' के चरित्र की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।



ZOLLEGE

(च) (i) 'मातृभूमि के लिए' खण्डकाव्य के द्वितीय सर्ग 'संघर्ष' का सारांश लिखिए ।

(ii) 'मातृभूमि के लिए' खण्डकाव्य के आधार पर 'चन्द्रशेखर आजाद' का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

(छ) (i) 'कर्ण' खण्डकाव्य के चतुर्थ सर्ग में वर्णित श्रीकृष्ण और कर्ण के संवाद की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए ।

(ii) 'कर्ण' खण्डकाव्य के नायक 'कर्ण' का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

(ज) (i) 'कर्मवीर भरत' खण्डकाव्य के किसी एक सर्ग का सारांश लिखिए ।

(ii) 'कर्मवीर भरत' खण्डकाव्य के आधार पर 'भरत' का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

(झ) (i) 'तुमुल' खण्डकाव्य के आधार पर 'लक्ष्मण' की चारित्रिक विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।

(ii) 'तुमुल' खण्डकाव्य के किसी एक सर्ग की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए ।

6. (क) दिए गए लेखकों में से किसी एक लेखक का जीवन परिचय देते हुए उनकी एक प्रमुख रचना का उल्लेख कीजिए : 3 + 2 = 5

(i) पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी

(ii) रामधारी सिंह 'दिनकर'

(iii) डॉ० राजेन्द्र प्रसाद ।



ZOLLEGE

(ख) निम्नलिखित कवियों में से किसी **एक** कवि का जीवन परिचय देते हुए उनकी एक प्रमुख रचना का उल्लेख कीजिए : 3 + 2 = 5

(i) मैथिलीशरण गुप्त

(ii) रसखान

(iii) महादेवी वर्मा

(iv) अशोक वाजपेयी ।

7. अपनी पाठ्यपुस्तक में से कण्ठस्थ कोई एक श्लोक लिखिए, जो इस प्रश्नपत्र में न आया हो । 2

8. 'वाद-विवाद' प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर अपने चचेरे भाई को बधाई देते हुए पत्र लिखिए । 4

**अथवा**

अपनी गली / मोहल्ले की नालियों की समुचित सफाई के लिए नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखिए ।

9. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में लिखिए : 1 + 1 = 2

(i) सुवर्णस्य किं मुख्य दुःखम् ?

(ii) कीर्तिः केन वर्धते ?

(iii) वाराणसी नगरी कुत्र स्थिता ?

(iv) आरुणिः कः आसीत् ?

(v) चन्द्रशेखरः स्वगृहं किम् अवदत् ?



ZOLLEGE

10. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए : $1 \times 7 = 7$

(i) किसी यात्रा का वर्णन

(ii) नई शिक्षा नीति

(iii) इन्टरनेट

(iv) आत्मनिर्भर भारत

(v) पुस्तकालय से लाभ ।



ZOLLEGE